आई एम कलाम के बहाने

(मिहिर पांडेय - फ़िल्मी लेख) Part 3 - (03.10.2020)

- पन्ना संख्या 34 - पैराग्राफ 2

उचित शब्दों को चुनकर तालिका की पूर्ति करें।

- बाल्यावस्था
- सूचित करना
- अच्छा
- बातचीत
- सुखदायक
- स्मृति
- बेमेल
- कहानियाँ
- मिलन
- समय
- अनोखा
- ढाबा
- राजस्थान में कुछ ही परिवारों को मिलाकर बना छोटा-सा गाँव
- बिलकुल

शब्द	अर्थ
1. बचपन	
2. याद	
3. विलोम	
4. किस्से	
5. चाय की दुकान	
6. ढाणी	
7. कतई	
8. बेहतर	
9. मुलाक़ात	
10. वक़्त	
11. संवाद	
12. मज़ेदार	
13. खास	
14. इशारा करना	

<u>गतिविधि-1</u>

- (पन्ना संख्या : 34)

"नील माधव पांडा की .... से बेहतर जीवन का सपना दिखाता है।" तक का पाठभाग पढ़ें और प्रश्नों का उत्तर लिखें।

1) मिहिर को किस अवसर पर अपना बचपन बहुत याद आया ?
2) "यह फिल्म भी उन्हीं विलोमों के बारे में बात करती है जिनसे मेरे बचपन के सब किस्से बने हैं।" - मिहिर ने ऐसा क्यों कहा होगा ?
3) फिल्म का नायक छोटू कैसा लड़का है ?
4) रणविजय कैसा लड़का है ?
5) छोटू और रणविजय की बचपनी ज़िंदगी में क्या फ़रक (भेद/ अंतर) थी ?
6) 'छोटू और रणविजय - दोनों पात्र समाज के दो वर्गों के प्रतिनिधि हैं।' - इस कथन से आप कहाँ तक सहमत है ? अपना विचार प्रकट करें।

गतिविधि-2

◆ सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। ◆

प्रस्ताव	सही	गलत
● छोटू को स्कूल जाना और पढ़ना बहुत पसंद है।		
● आठवीं के बाद मोरपाल की पढ़ाई बंद हो जाती है।		
● छोटू को अपनी पसंद के स्कूल जाने का मौका मिलता है।		
● मोरपाल जैसे गरीब परिवार के बच्चे अपने पारिवारिक परेशानियों के अनुसार जीने को मज़बूर हो जाते हैं।		